जय नारायण व्यास शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित महिला पीजी महाविद्यालय में प्रवेश ली नवागंतुक छात्राओं के लिए आमुखकीकरण प्रोग्राम का आयोजन

जय नारायण व्यास शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित महिला पीजी महाविद्यालय में प्रवेश ली नवागंतुक छात्राओं के लिए आमुखकीकरण प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कॉलेज की दिव्तीय वर्ष की छात्राओं द्वारा छात्राओं का तिलक लगा, मौली बांध कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मेंजोधपुर राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र उपस्थित रहे।उन्होंने महाविद्यालय के अध्यपन एवम प्रशासन की प्रशंसा की।नव छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनोरमा उपाध्याय ने छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि अनुशासन को जीवन का अंग बनाये।अनुशासित जीवन ही हमे आगे ले जाता है। उन्हों के कहा कि महाविद्यालय की पूर्व छात्राये पूरे भारत मे विभिन्न उच्च पदों पर कार्यात है।उन्होंने छात्राओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।इस अवसर पर पधारे प्रोफेसर वी डी दवे ने कहा कि आप सब सौभाग्यशाली है कि आपने इस महाविद्यालय में प्रवेश लिया है।संस्कार जीवन का अंग है उसे बनाये रखे। महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर एस पी व्यास ने अपने आशीर्वचन में कहा कि आप सभी हमेशा आगे बढ़ते रहे।ओर महाविद्यालय का नाम विश्व स्तर तक ले जाये।इस अवसर पर सभी प्रध्यापकों का परिचय कराया गया।इस अवसर पर प्रोफेसर ए डी बोहरा मेमोरियल लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज व्यास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री वनिता रंगा तथा दीक्षा ने किया।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डॉ हेमा जैन ने किया।

महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत

पत्रिका प्लस @ जोधपुर. स्थानीय महिला पीजी महाविद्यालय में नवागंतुक छात्राओं के लिए आमुखीकरण प्रोग्राम शुक्रवार को किया गया। इस मौके द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने नव-प्रवेशित छात्राओं का तिलक लगा, मौली बांध कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो. सतीश चंद्र उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. मनोरमा उपाध्याय ने छात्राओं का स्वागत करते हुए अनुशासन को जीवन का अंग बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रो. वीडी दवे ने कहा कि संस्कार जीवन का अंग है उसे बनाए रखें। महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. एसपी व्यास ने छात्राओं से उत्तरोत्तर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन वनिता रंगा तथा दीक्षा ने किया।

रखें तो सफलता तय

सिटी रिपोर्टर | जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान की ओर से संचालित महिला पीजी महाविद्यालय में प्रवेश लेकर पहली बार कॉलेज आईं स्टूडेंट्स का तिलक लगाकर स्वागत किया

महिला पीजी महाविद्यालय में नव छात्राओं का स्वागत

जोधपुर/नवज्योति।

जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित महिला पीजी महाविद्यालय में प्रवेश ली नवागंतुक छात्राओं केलिए आमुखीकीकरण प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा छात्राओं का तिलक लगा कर मौली बांध कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जोधपुर राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र उपस्थित रहे। उन्होंने महाविद्यालय के अध्यापन एवं प्रशासन की प्रशंसा की। नव छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनोरमा उपाध्याय ने छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि अनुशासन को जीवन का अंग बनाये। इस अवसर पर प्रोफेसर ए डी बोहरा मेमोरियल लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज व्यास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री वनिता रंगा तथा दीक्षा ने किया।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डॉ हेमा जैन ने किया।